**पद्म पुरस्कार से सम्मानितजन संसद सदस्यों के साथ श्रेष्ठ पद्धतियों और विषय-विशेष संबंधी जानकारी साझा करेंगे**

...

**लोक सभा अध्यक्ष ने ''माननीय संसद सदस्यों के लाभार्थ प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा ऑनलाइन प्रस्तुतियाँ'' कार्यक्रम का शुभारंभ किया।**

...

**इन प्रस्तुतियों में कृषि, पशुपालन और बायो-गैस, कृषि-जैव विविधता संरक्षण से लेकर सूक्ष्म ऋण और स्व-सहायता समूहों जैसे विषय शामिल होंगे।**

...

**पद्म पुरस्कार से सम्मानितजनों द्वारा साझा किए जा रहे अनुभवों की रिकॉर्डिंग करके सदस्य पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाएगी।**

**नई दिल्ली, 18 जनवरी 2021 :** लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसदीय लोकतन्त्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (पूर्व बीपीएसटी ) द्वारा 18 से 22 जनवरी 2021 के दौरान संसदीय सौध विस्तार भवन में ''माननीय संसद सदस्यों के लाभार्थ प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा ऑनलाइन प्रस्तुतियाँ'' कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम का उदघाटन करते हुए श्री बिरला ने कहा कि इस कार्यक्रम में भाग ले रहे पद्म पुरस्कार से सम्मानितजनों ने राष्ट्र-निर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और श्रेष्ठ पद्धतियों, विषय-विशेष संबंधी जानकारी तथा विकास के मॉड्यूल संसद सदस्यों के साथ साझा करने से देशभर में नवोन्मेषी, सहभागितापूर्ण और सतत विकास सुनिश्चित होगा।

फल की इच्छा किए बिना कर्म करने की भगवद् गीता के उपदेश का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि दूसरों की सेवा करना हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। श्री बिरला ने यह भी कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान भी जनता के सामूहिक प्रयासों ने सुनिश्चित किया कि जरूरतमंदों को समय पर सहायता उपलब्ध कराई गई और इससे अन्य राष्ट्रों को भी सकारात्मक संदेश पहुंचा।

महात्मा गांधी की सीख को याद करते हुए कि परोपकार करके ही आत्मानुभूति की जा सकती है, श्री बिरला ने यह विश्वास जताया कि आगामी पाँच दिनों में इस मंच के माध्यम से संवाद और चर्चा से सदस्य बहुमूल्य और सूचनापरक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने आशा जताई कि यह कार्यक्रम हमारे समाज में नया बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और हमें मानव-केन्द्रित विकास की ओर अग्रसर करेगा।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में लोक सभा महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह ने स्वागत भाषण दिया।

माननीय अध्यक्ष, लोक सभा ने माननीय संसद सदस्यों हेतु एक मंच उपलब्ध कराने की अनूठी पहल की है जहां देश के विभिन्न राज्यों के ऐसे प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता जिन्हें उनके कार्यक्षेत्र में दिए गए असीम योगदान हेतु प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट सामाजिक और विकास कार्यों के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे।

प्राइड, लोक सभा सचिवालय 18 से 22 जनवरी 2021 तक 'माननीय संसद सदस्यों के लाभार्थ प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा प्रस्तुतियां' कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। समाज सेवा और अन्य संबंधित क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने के लिए भारत सरकार द्वारा सराहे गए और प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों से सम्मानित प्रख्यात व्यक्ति अपने-अपने विषय के बारे में प्रस्तुतियां देंगे। पद्म पुरस्कारों से सम्मानित व्यक्तियों द्वारा अपने-अपने विषय के बारे में प्रस्तुतियां देने का कार्यक्रम पांच दिन अर्थात् 18 से 22 जनवरी 2021 तक चलेगा जिसमें पद्म पुरस्कारों से सम्मानित बीस व्यक्ति ऑनलाईन प्रस्तुति देंगे। प्रत्येक दिन पूर्वाह्न 10.30 से अपराह्न 02.00 तक पद्म पुरस्कारों से सम्मानित चार व्यक्ति 45-45 मिनट की प्रस्तुति देंगे।

इस प्रस्तुतिकरण का उद्देश्य माननीय संसद सदस्यों को देशभर के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए श्रेष्ठ कार्यों से अवगत कराना है, जिन्हें उचित और अनुकूल समझे जाने पर माननीय संसद सदस्य अपने संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए आदर्श के रूप में अपना सकते हैं। पद्म पुरस्कारों से सम्मानित व्यक्ति माननीय संसद सदस्यों को उनके निर्वाचन क्षेत्रों में ऐसी पहल करने में मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान करेंगे। पद्म पुरस्कारों से सम्मानित व्यक्तियों द्वारा की जाने वाली प्रस्तुतियों में कृषि, पशुपालन और बायोगैस, कृषि-जैव विविधता संरक्षण से लेकर दिव्यांगजनों के पुनर्वास और सूक्ष्म-वित्त तथा स्वयं सहायता समूह जैसे विभिन्न विषय शामिल हैं।

यह मंच पद्म पुरस्कारों से सम्मानित प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ताओं को अपने कठिन परिश्रम और अपनी विशेषज्ञता वाले क्षेत्र में किए गए योगदान के बारे में बताने तथा अपने अनुभवों को साझा करने

का अवसर प्रदान करेगा, जिन्हें भविष्य में समस्त देश में अपनाया जा सकता है। यह मंच माननीय संसद सदस्यों द्वारा अपने संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगा, जहां वे अपने निर्वाचन क्षेत्रों के कल्याण हेतु देश की उत्कृष्ट पद्धतियों को अपना सकते हैं।

पद्म पुरस्कारों से सम्मानित व्यक्तियों की सभी प्रस्तुतियों को रिकॉर्ड किया जाएगा और ये प्रस्तुतियां सदस्य पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाएंगी, जिन्हें माननीय संसद सदस्य कभी भी देख सकते हैं। पद्म पुरस्कारों से सम्मानित व्यक्तियों के संपर्क ब्यौरे भी सदस्य पोर्टल पर माननीय संसद सदस्यों हेतु उपलब्ध कराएं जाएंगे ताकि वे पद्म पुरस्कारों से सम्मानित व्यक्तियों से उनकी विशेषज्ञता वाले क्षेत्र के बारे में उनके मार्गदर्शन और समर्थन के लिए संपर्क कर सकें।

प्रस्तुतियां देने वाले पद्म पुरस्कार से सम्मानित व्यक्तियों के नाम इस प्रकार हैं- श्री सुंदरम वर्मा (पद्मश्री 2020); श्रीमती ट्रिनिटी साईओ (पद्म श्री 2020); श्री राधामोहन और सुश्री साबरमती (पद्म श्री 2020); श्री वेंकटेश्वर राव यद्लपल्ली (पद्म श्री 2019); श्री भारत भूषण त्यागी, (पद्म श्री 2019); श्री गेनाभाई दरगाभाई पटेल (पद्म श्री 2017); श्री रमेश बाबाजी महाराज पटेल (पद्म श्री 2019); सुश्री राहीबाई सोमा पोपेरे (पद्म श्री 2020); डॉ रजनीकांत (पद्म श्री 2019); श्री विमल कुमार जैन पटेल (पद्म श्री 2020); श्री एस. रामकृष्णन (पद्म श्री 2020); श्री जावेद अहमद टाक (पद्म श्री 2020); डॉ. अनिल प्रकाश जोशी (पद्म भूषण 2020) श्री हिम्मत राम भांभू (पद्म श्री 2020); श्री कल्याण सिंह रावत (पद्म श्री 2020); श्री रोमुलस व्हिटेकर (पद्म श्री 2018); श्री पोपटराव भागूजी पवार (पद्म श्री 2020); संत बलबीर सिंह सीचेवाल (पद्म श्री 2017); श्रीमती मदुरै चिन्ना पिल्लई (पद्म श्री 2019); श्री महेश शर्मा (पद्म श्री 2019)।